हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
**रोहतक**, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 8.9 डिग्री

11 मांगों को लेकर कर्मचारियों ने दिया धरना


12 विद्यार्थियों को मिलेगी उद्योग विशेषज्ञों से बिजनेस ट्रेनिंग



## खबर संक्षेप

### पेराई सत्र के शुभारंभ पर रक्तदान शिविर 4 को

**गोहाना।** आहुलाना गांव स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारंभ पर 4 दिसंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। पेराई सत्र का शुभारंभ सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा किया जाएगा। रक्तदान शिविर सर्व कर्मचारी संघ चीनी मिल आहुलाना द्वारा आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि चीनी मिल की एमडी अंकिता वर्मा और विशिष्ट अतिथि सीएओ जितेंद्र शर्मा, चीनी विक्रय प्रबंधक धनीराम और मुख्य अभियंता अनिल चौहान होंगे। संयोजन सहायक क्रय अधिकारी अनिल वर्मा का रहेगा। रक्तदान शिविर आयोजन समिति में निदेशक वेदपाल, क्रय अधिकारी संदीप नरवाल, सहायक सुरक्षा अधिकारी दिलबाग सैनी और सुभाष रोहिल्ला अपनी सेवाएं देंगे।

### भूमि पैमाइश तकनीकी कमी के चलते फिर लटका

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव मटिंडू में मंगलवार को विवादित भूमि की पैमाइश तकनीकी दिक्कतों के कारण फिर अधूरी रह गई। राजस्व विभाग नक्शे को डिजिटल मशीन में फिट नहीं कर सका, जिससे सीमांकन और कब्जा हटाने की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई। लंबे समय से इस भूमि पर विवाद चल रहा है और प्रशासन कई बार पैमाइश की तारीख तय कर चुका है, लेकिन प्रक्रिया बार-बार बाधित हो रही है। मंगलवार को तहसीलदार, पटवारी, गिरदावर और पुलिस बल मौजूद थे, पर नक्शा मेल न खाने से माप नहीं हो सका। अब नक्शा सही फॉर्मेट में तैयार कर 17 दिसंबर को दोबारा पैमाइश की योजना है।

### शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

**गोहाना।** क्षेत्र के एक संस्थान की छात्रा को शादी का झांसा देकर लगभग चार माह तक उसका यौन शोषण किया। मुख्य आरोपित और उसके साथी ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी। छात्रा से कई बार दुष्कर्म किया गया। अब छात्रा की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। छात्रा ने पुलिस को बताया कि इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर उसकी नवीन नाम के युवक से पहचान हुई। दोनों बातचीत करने लगे। बाद में उसे बहाने से होटल में बुलाया गया। नवीन के साथ उसका शादी दीपक भी आया। नवीन ने उसे शुरूआती बातचीत में शादी का झांसा दिया। उसके बाद उससे दुष्कर्म किया। आरोपितों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी। उससे जुलाई से नवंबर तक कई बार दुष्कर्म किया। आरोपित उसे बदनाम करने की धमकी देते रहे और उसका यौन शोषण करते रहे। छात्रा ने हिम्मत जुटाकर अपने स्वजन को बताया और उसके बाद पुलिस को शिकायत दी।

# कड़ाके की ठंड का आगाज, पारा 8.9 डिग्री पर, पाला गिरने की भी संभावना

■ पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं से कांप रहे लोग ■ न्यूनतम तापमान सात डिग्री के आसपास बना रहेगा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत**

पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही ठंडी हवाओं की सीधी दस्तक से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अब ठंड ने अपने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मैदानी इलाकों में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। इसी क्रम में, मंगलवार को हरियाणा के सोनीपत में पारा 8.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से नीचे है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान बताते हैं कि अगले दस दिनों तक दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बरसात की कोई संभावना नहीं है। ऐसे में, शीत लहर के साथ-साथ सुबह के समय, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पाला (फ्रोस्ट) भी गिर सकता है, जिससे किसानों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

■ कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी

दूसरी ओर जिले में प्रदूषण भी बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। जिले का एक्यूआई मंगलवार को 314 दर्ज किया गया है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर लगातार हो रही बर्फबारी के कारण हिमालय की हिमाच्छादित चोटियों से सीधी और सर्द बर्फीली हवाएं मैदानों तक पहुंच रही हैं। दिसंबर माह के पहले पखवाड़े में ही न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। मौसम विशेषज्ञों के आकलन के अनुसार,



न्यूनतम तापमान पूरे सप्ताह 7 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही बना रह सकता है। हालांकि, दिन के समय तेज धूप खिलने की वजह से अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहने का अनुमान है, जिससे दिन में कुछ राहत मिल सकती है।

जानकारों का कहना है कि दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में इस क्षेत्र में बरसात होने की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 8.9 दर्ज किया गया।ठंड की दस्तक के बावजूद, प्रदूषण का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार 300 के पार बना हुआ है। मंगलवार को सोनीपत का एक्यूआई 314 दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह 329 था। हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में बनी हुई है। इस 'बेहद खराब' हवा की वजह से लोगों को आँखों और चेहरे पर जलन, साथ ही सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक प्रयास इस प्रदूषण को नियंत्रित करने में नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं। मंगलवार को हवाओं की गति 10 से 14 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जो अपेक्षाकृत तेज थी, फिर भी वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार ही दर्ज हो पाया। शहर के भीतर कई जगहों पर खुले में कचरा जलाने की घटनाएं अब भी जारी हैं।

### मौसम गेहूं की फसल की बढ़वार के लिए अनुकूल

तापमान में आई कमी से कृषि क्षेत्र को फायदा पहुंचना शुरू हो गया है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि फसलों में हल्की सिंचाई अवश्य करें। ऐसा करने से पाले और तापमान में अचानक आई गिरावट के प्रतिकूल प्रभाव से पौधों को बचाया जा सकेगा। तापमान में इस कमी से गेहूं की फसल की ग्रोथ बेहतर हो रही है। इसके साथ ही, दिन में खिली धूप के कारण सरसों की ग्रोथ भी अच्छी हो रही है। ठंड के इस दौर में फसलों की बेहतर वृद्धि देखकर किसान उत्साहित हैं।

### ये बोले विशेषज्ञ

पहाड़ी क्षेत्रों से बर्फीली हवाएं अब मैदानी क्षेत्रों में पहुंचनी शुरू हो गई है। शीतलहर का पहला दौर शुरू होते ही तापमान में गिरावट आने लगी है। न्यूनतम तापमान अब लगातार 7 डिग्री के आसपास बना रहेगा। हालांकि अधिकतम तापमान अब भी सामान्य ही रहेगा। **डॉ. प्रेमदीप**, वैज्ञानिक, केविके, जगदीशपुर।

**कमासपुर में वारदात :** आरोपी फायरिंग करने के बाद फरार, केस दर्ज

# बैंक के पास खड़े युवक को गोली मारी, गंभीर

रिलायंस वेयरहाउस में हेल्पर का काम करता है सहवाज




**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत**

कमासपुर गांव में सोमवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई जब एचडीएफसी बैंक के पास एक युवक को गोली मारकर आरोपित फरार हो गया। घायल सहवाज, मूल निवासी जिरौली थाना दादौं, जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश वर्तमान में कमासपुर में किरायेदार के रूप में रह रहा है और रिलायंस वेयरहाउस में हेल्पर का काम करता है।

घायल सहवाज ने बताया कि 2 दिसंबर की सुबह वह अपनी ड्यूटी खत्म कर किराये के कमरे पर लौट रहा था। जैसे ही वह एचडीएफसी बैंक कमासपुर के पास पहुंचा, एक युवक अपने घर के गेट से गाड़ी निकाल रहा था। अचानक उस युवक ने गाड़ी से उतरकर एक फायर हवा में किया और दूसरा फायर सीधे उसकी तरफ कर दिया। गोली उसके दाहिने हाथ में लगी। घायल होकर सहवाज ने शोर मचाया तो आरोपी अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद सहवाज को उसके परिचित तुरंत सरकारी अस्पताल सोनीपत ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बीपीएस खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने सहवाज की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ युवक ने पहले हवा में फायर किया, फिर सहवाज पर गोली दागी

■ प्राथमिक उपचार के बाद खानपुर पीजीआई रेफर

# अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत**

क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान विशाल उर्फ चीचा और दिनेश उर्फ टीनू निवासी गांव गढ़ी बख्तावरपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को क्राइम यूनिट सेक्टर-27 में तैनात सहायक उपनिरीक्षक नरेश अपनी टीम के साथ बहालगढ़ चौक क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पलड़ा गांव की ओर से यूपी हाईवे की तरफ आ रहे हैं और उनके पास अवैध देशी पिस्तौल है।

### गुप्त सूचना पर पुलिस ने दबोचा



सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत 334-बी हाईवे पलड़ा मोड़ पहुंची और नाकाबंदी कर दी। कुछ ही देर बाद पलड़ा गांव की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रोककर नाम-पता पूछा तो उन्होंने क्रमशः अपना नाम दिनेश उर्फ टीनू और विशाल उर्फ चीचा बताया। संदेह के आधार पर तलाशी लेने पर दिनेश की पैंट से 315 बोर की एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस, जबकि विशाल की पैंट से भी 315 बोर की देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दोनों आरोपितों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना बहालगढ़ में अभियोग दर्ज किया गया। क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### रुखी में फैक्ट्री से मोटर पंखे व अन्य सामान चोरी

**गोहाना।** गांव रुखी में एक फैक्ट्री से मोटर, पंखे और अन्य सामान चोरी कर लिया। मैनेजर की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। मूल रूप से बिहार के शहापुरा के बबन प्रसाद गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह हाल में रूखी गांव के रेलवे स्टेशन के तायल कंपनी रेलवे में मैनेजर की नौकरी करता है। वह सोमवार को फैक्ट्री में गया तो काफी सामान चोरी किया गया था। उसके अनुसार अलग-अलग हार्स पावर की चार मोटर, पंखे, जैक, कांटा और लोहे का अन्य सामान चोरी किया गया। उसने शक जताया कि चोरी करने में उनकी कंपनी का गार्ड सुमित व अन्य लोग शामिल हैं।



# फाइनेंसरों के दबाव में चार बेटियों के पिता ने की आत्महत्या

■ सुबह काम पर निकला था श्रवण, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत**

फाइनेंसरों के दिए गए उधार के रुपयों को वापस न दे पाने के कारण दबाव में आए एक व्यक्ति ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। चार बेटियों के पिता का रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। ट्रैक पर मिले शव की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया, जहां स्वजनों के बयान दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव सुपुर्द कर दिया। जीआरपी ने फिलहाल आत्महत्या का मामला दर्ज किया है। वहीं परिजनों ने फाइनेंसरों पर आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोप लगाए हैं। कालूपुर निवासी अंग्रेज व दीपक ने बताया कि उनका भाई श्रवण (50) व्हाइट वाश का काम कर परिवार का गुजारा चलाता था। सोमवार सुबह वह बेटियों को काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। फोन भी बंद मिलने पर परिवार की चिंता बढ़ने लगी। सुबह जीआरपी को उसका शव दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर मोहन नगर के पास डाउन ट्रैक पर मिला। शव के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान हो सकी। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों के सुपुर्द कर दिया।

### परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

परिजनों का कहना है कि श्रवण पिछले काफी समय से कर्ज के बोझ तले दबा हुआ था। उसके चचेरे भाई दीपक के मुताबिक श्रवण ने अंगद को ब्याज पर पैसे दिलवाए थे। अंगद ने ही बताया था कि श्रवण ने फाइनेंसर से काफी पैसे ब्याज पर लिए थे। फाइनेंसर अब पैसों के लिए दबाव बनाने लगे थे, जिससे वह मानसिक रूप से टूट गया था। स्वजनों ने श्रवण को आत्महत्या के लिए विवश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### पत्नी से 15 साल पहले हो चुका था तलाक, एक बेटी विवाहित

श्रवण चार बेटियों का पिता था और परिवार का अकेला कमाने वाला सदस्य था। एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि तीन अविवाहित हैं। इनमें छोटी बेटी हाकी का अभ्यास करती है। पिता की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया और बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। श्रवण का पत्नी से करीब 15 साल पहले तलाक हो गया था। तीन बेटियां पिता के पास और एक बेटी मां के पास रहती थी। हालांकि पति-पत्नी में से किसी ने भी दूसरी शादी नहीं की। वह बेटियां से मिलने आती रहती थी।जीआरपी प्रभारी विजयपाल ने बताया कि मोहन नगर के पास डाउन ट्रैक पर सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। शव के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान श्रवण के रूप में हुई। परिजनों ने श्रवण के मानसिक रूप से परेशान होने की शिकायत दी है।

# विनोद दोदवा राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में चयनित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना**

गांव दोदवा निवासी विनोद का चयन राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के लिए चयनित हुए हैं। वह गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल में माली के पद पर कार्यरत हैं। उनके इस चयन को लेकर मंगलवार को गोहाना के नए बस अड्डे पर आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा विनोद को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ कर चुके अच्छा प्रदर्शन



विनोद ने कहा कि उनको बचपन से ही क्रिकेट खेलने का शौक है। जिस दिन स्कूल की छुट्टी होती थी उस दिन मजदूरी करके वह अपनी पढ़ाई और खेल का खर्च पूरा करते थे। विनोद ने गांव भैंसवाल के राजकीय विद्यालय से कक्षा 10वीं की परीक्षा उतीर्ण की। क्रिकेट में इनकी मेहनत रंग लाई। वह वर्ष 2014 में पाकिस्तान, वर्ष 2015 में बांग्लादेश और वर्ष 2017 में अफगानिस्तान के साथ भारतीय टीम में अपनी खेल प्रतिभा का सफल प्रदर्शन कर चुके हैं। अब उनका चयन राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में किया गया है। इस टीम का मुकाबला 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस पर भिवानी के जैड लिट्रा स्टेडियम में नेपाल की टीम के साथ होगा। समारोह में गांव दोदवा के सरपंच रमेश मलिक, पंच रामनिवास मेहरा, पहलवान ईश्वर, सतबीर पौडिया, रोहतास अहलावत, रमेश मेहता, हरभगवान चोपड़ा, राजपाल कश्यप, मुख्तार दांगी, राजेंद्र पांचाल, भानाराम पांचाल व मदनलाल अत्री मौजूद रहे।

बादशाही रोड स्थित स्लाटर हाउस के पास बनाया जा रहा अस्थायी आपरेशन थिएटर

# स्ट्रीट डॉग के आतंक से मिलेगा छुटकारा, कुत्तों की नसबंदी होगी और एंटी-रेबीज वैक्सीन लगेगी

■ एजेंसी को टेंडर अलॉट : प्रति डॉग 1350 रुपये की दर पर कार्य करेगी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर**

शहर में दिनों-दिन बढ़ रहे आवारा कुत्तों के आतंक पर अब लगाम लगाई जाएगी। नगरपालिका प्रशासन ने इसके लिए विशेष अभियान शुरू करते हुए कुत्तों की नसबंदी और एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन के लिए टेंडर अलाट कर दिया है। एजेंसी द्वारा प्रति कुत्ता 1350 रुपये की दर से यह कार्य किया जाएगा। नगरपालिका के अनुसार चुनी गई एजेंसी शहर में अस्थाई आपरेशन थिएटर तैयार कर रही है, जहां नसबंदी की प्रक्रिया की



जाएगी। इसके लिए नगरपालिका की बादशाही रोड स्थित स्लाटर हाउस के पास जमीन का चयन किया गया है। आपरेशन के बाद कुत्तों को 3 से 4 दिन तक निगरानी में रखा जाएगा, ताकि वे पूरी तरह स्वस्थ होकर ही छोड़े जा सकें। इस दौरान उन्हें सुरक्षित रखने के लिए एजेंसी की ओर से जाल में रखने की व्यवस्था होगी।

इसके लिए कुत्तों को रखने वाले विशेष जाल (केज) तैयार किए जाएंगे, जिसके निर्माण के लिए नगरपालिका अलग से टेंडर जारी कर रही है। इसके साथ ही कुत्तों को एंटी रेबीज वैक्सीनेशन भी दी जाएगी, ताकि किसी को कुत्तों को काटने पर रेबीज होने का खतरा न रहे।

### कुत्तों की संख्या होगी नियंत्रित

नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि इस अभियान के पूरा होने के बाद न केवल आवारा कुत्तों की संख्या में नियंत्रित कमी आएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि आवारा कुत्तों को पकडने में टीम को सहयोग दें।

आरोपी कृष्ण तीन दिन के रिमांड पर

# प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी मामले में दूसरा आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस ने प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पकड़ा गया आरोपित कृष्ण निवासी पुठ खुर्द दिल्ली का रहने वाला है। इससे पहले पुलिस टीम मुख्य आरोपित राहुल निवासी रोहणा को गिरफ्तार कर चुकी है। यह मामला गत 18 सितंबर को दर्ज हुआ था। जानकारी के अनुसार 18 सितंबर को क्राइम यूनिट कुंडली में तैनात सहायक उपनिरीक्षक विक्रम पुलिस टीम के साथ रोहतक रोड स्थित बलहारा चौक, खरखौदा फ्लाईओवर के पास गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि राहुल दिल्ली से प्रतिबंधित दवाइयां लेकर नहर मार्ग से रोहणा गांव की ओर जाएगा।

### नाकाबंदी कर पकड़ा

सूचना पर पुलिस ने ड्रेन नंबर 8 नील कंपनी के सामने सोनीपत–खरखौदा रोड पर नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ समय बाद एक कार आते दिखाई दी जिसे रोककर तलाशी ली गई। कार में बैठे राहुल के हाथ में पारदर्शी पन्नी थी जिसे वह अलग करने को तैयार नहीं था। संदेह के आधार पर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में पन्नी की तलाशी लेने पर 23 शीशियां बरामद हुई। ड्रग कंट्रोल ऑफिसर की रिपोर्ट में इन्हें प्रतिबंधित दवाएं घोषित किया गया। राहुल कोई लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके आधार पर थाना खरखौदा में मामला दर्ज हुआ। मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अन्य आरोपितों की खोज में जुटी थी। जांच के दौरान कृष्ण की संलिप्तता सामने आने पर क्राइम यूनिट कुंडली के सहायक उपनिरीक्षक आशीष ने टीम के साथ उसे दिल्ली से काबू किया।

एसएजी यूनिट ने आरोपी को दबोचा

# हथियारों की खेप मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**सोनीपत।** जिले की एसएजी यूनिट सैक्टर-7 सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध हथियारों की एक पूर्व घटना में संलिप्त चौथे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपित सुनील रघबीर, निवासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश है। इससे पहले इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।घटना 3 अप्रैल 2025 की है, जब एसएजी यूनिट सैक्टर-7 की टीम जुराईम जांच के लिए जाखौली टोल प्लाजा केजीपी के पास मौजूद थी। इसी दौरान खुफिया जानकारी मिली कि महक उर्फ हन्नी, अंकित निवासी भिगान और रिंकू उर्फ छोटा निवासी मंडोरी, कार में बैठकर अवैध हथियारों की सप्लाई के इंतजार में हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर



पहुंची और सफेद वैगनार कार से तीनों को काबू किया। तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट पर रखे नीले बैग से 8 देसी पिस्तौल, 5 मैगजीन और 2 जिंदा राउंड बरामद हुए। मामले में थाना राई में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान के दौरान चौथे आरोपित सुनील उर्फ रामू की भूमिका सामने आने पर उपनिरीक्षक राजबीर ने टीम के साथ उसे गिरफ्तार किया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया।



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम' 8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट' से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

लाइफ Style



# एला


## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट है, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।


## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।

# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया




फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

***नई दिल्ली।*** *बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

## खबर संक्षेप

### राधा स्वामी आश्रम में कल होगा सत्संग

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गोहाना में राधा स्वामी आश्रम में चार दिसंबर को सत्संग होगा। सत्संग में राधी स्वामी दिनोद के संत कंवर महाराज प्रवचन देने के साथ श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। यह जानकारी सेवादार संदीप खरकिया ने दी। उन्होंने बताया कि सत्संग में आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। सत्संग के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रिंस ने जीता रजत पदक

**खरखौदा।** गुरुग्राम में आयोजित 6 वीं एलीट मेंस हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप–2025 में प्रताप स्कूल के प्रतिभाशाली मुक्केबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया। चैंपियनशिप में 75 से 80 किलोग्राम भार वर्ग में प्रिंस ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। वहीं 80 से 85 किलोग्राम भार वर्ग में विश्वजीत ने प्रतियोगिता में सहभागिता कर अपने जुझारू खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता से लौटने पर खिलाड़ियों का विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया, कोच नवीन व पिंकू ने स्वागत किया। अध्यक्ष वेद प्रकाश दहिया, संस्थापक सत प्रकाश दहिया एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने खिलाड़ियों को विशेष रूप से बधाई दी।

### सद्भावना यात्रा के गोहाना बरोदा हलकों के रूट तय

**गोहाना।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेंद्र डूमरखां ने मंगलवार को कांग्रेस की सद्भावना यात्रा को लेकर गोहाना में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। पूर्व सांसद व कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की सद्भावना यात्रा 8 व 9 दिसंबर को बरोदा हलका और 10 व 11 दिसंबर को गोहाना हलके में रहेगी। पार्टी द्वारा यात्रा के स्वागत की तैयारियां जोरशोर से शुरू की गई हैं।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेंद्र डूमरखां ने कहा कि सद्भावना यात्रा से हरियाणा प्रदेश में सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलेगा व लोकतांत्रिक मूल्यों को नई दिशा मिलेगी। यात्रा प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में निकाली जाएगी। इस यात्रा का मूल उद्देश्य सामजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करना है।

## दीनबंधु छोटूराम विवि के गैर शिक्षकीय कर्मियों का धरना जारी

# मांगें पूरी न होने से कर्मचारियों में नाराजगी, जमकर नारेबाजी

**तीन महीने से लगातार प्रशासन को पत्राचार से मांगों के निपटारे के लिए निवेदन कर रहे कर्मचारी: आनंद राणा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



सोनीपत। डीक्रस्ट में विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के गैर शिक्षकीय कर्मचारियों का एक घंटे का धरना लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों के प्रधान आनंद राणा ने बताया कि कर्मचारी पिछले दो से तीन महीने से लगातार प्रशासन को पत्राचार के माध्यम से अपनी मांगों के निपटारे के लिए निवेदन करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने सेवा नियमों को सरकार से अनुमोदन के लिए भेजा था, जिसे दो साल से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी प्रशासन द्वारा इस संबंध में सरकार से कोई पत्राचार नहीं किया गया। इसी कारण कर्मचारियों की पदोन्नतियां भी दो साल से अधिक समय से लंबित हैं और जिनकी पदोन्नति हो चुकी है, उनका वेतन निर्धारण सेवा नियमों का हवाला देकर रोका जा रहा है।

आनंद राणा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों के साथ ही विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का भी भारी अभाव है। पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है, परिसर की ज्यादातर सड़कें जर्जर स्थिति में हैं, जिन पर दिनभर धूल उड़ती रहती है और बिखरे कंकड़-पत्थरों के कारण छात्र और कर्मचारी कई बार चोटिल हो चुके हैं। लिफ्टें भी ठीक ढंग से कार्य नहीं करती, जिससे उपयोगकर्ताओं को बीच में फंसने की नौबत आ जाती है। कर्मचारियों के आवास भी खराब स्थिति में हैं और पार्किंग निर्माण कार्य काफी समय से अधूरा पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि 2012 के बाद से अब तक विश्वविद्यालय में किसी भी नियमित भर्ती न होने के कारण शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी बनी हुई है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। परीक्षा सत्र जारी होने के बावजूद कर्मचारी पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो परीक्षा उपरांत आंदोलन को तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कर्मचारियों ने इस दौरान प्रशासन के विरोध में नारेबाजी भी की।

**जल्द सेवा नियमों का मामला सुलझेगा**

कर्मचारी यूनियन वास्तविक स्थिति से पूरी तरह अवगत है, फिर भी औचित्य हीन सांकेतिक धरना दिया जा रहा है। यूनियन के साथ 28 नवंबर को बैठक में सभी मांगों पर चर्चा हुई थी। स्पष्ट किया गया है कि नए पद सृजन एवं सेवा नियमों का मामला सरकार के पास विचाराधीन है। सरकार ने मामले को सुलझाने के लिए एक सीमित बनाई थी। उच्च अधिकारियों से सेवा नियमों को सुलझाने, स्वीकृत की मांग की जा चुकी है। जल्द सेवा नियमों का मामला सुलझेगा। कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश पर कुलसचिव से आवश्यक कार्यवाही पर चर्चा हुई है, यूनियन को अवगत करा दिया है।

**प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कुलपति, डीसीआरयूएसटी, मुरथल।**

# गन्ना उत्पादकों ने किया प्रदर्शन

- गोहाना रोड पर पैदल मार्च करते लघु सचिवालय पहुंचें धरतीपुत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

चीनी मिल में पेराई सत्र चालू न किए जाने व अन्य मांगों को लेकर गन्ना उत्पादक किसानों ने प्रदर्शन किया। छोटूराम धर्मशाला से किसान गोहाना रोड पर पैदल मार्च करते हुए लघु सचिवालय में पहुंचे। उन्होंने मिल के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। लघु सचिवालय में पहुंचे किसानों को 4 दिसंबर को चीनी मिल में गन्ने की पेराई शुरू करने का आश्वासन दिया।

भारतीय किसान यूनियन एकता (सिद्धपुर) के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र पहल ने बताया कि किसान अनेक बार चीनी मिल को चालू कराने की मांग को लेकर सरकार से लेकर अधिकारियों तक मिल चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। सरकार की ओर से उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। खेतों में गन्ने की फसल पक कर खड़ी है। चीनी मिल में पेराई शुरू न होने की वजह से गन्ने की कटाई व छिलाई शुरू नहीं हो पाई है।

**कल से प्रारंभ होगा पेराई सत्र**

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि 4 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल आहुलाना के पेराई सत्र 2025-26 को शुभारंभ किया जाएगा। दोपहर बाद 2:30 बजे सहकारी चीनी मिल सोनीपत के पेराई सत्र 2025-26 का भी शुभारंभ किया जाना। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। भ्रष्टाचार के आरोपों पर उपायुक्त ने कहा कि सभी तथ्यों पर जांच की जाएगी और किसानों को गन्ना पेराई के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# देवेंद्र गौतम न्यायिक हिरासत में, बार एसोसिएशन ने बताया मामला झूठा

- सोनीपत बार एसोसिएशन ने दो दिन का वर्क सस्पेंड कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनीपत शहर थाना पुलिस द्वारा आम आदमी पार्टी से जुड़े एडवोकेट और रायपुर निवासी देवेंद्र गौतम को अनुसूचित जाति के व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहने और मोबाइल छीनने के मामले में कल गिरफ्तार किए जाने के बाद अब उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामला रविवार को हुई कहासुनी से जुड़ा है, जिसमें वेस्ट रामनगर निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि किसी बात पर विवाद बढ़ने के बाद देवेंद्र ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया और उनका मोबाइल छीन लिया। शिकायत मिलते ही सिटी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की और देवेंद्र गौतम को गिरफ्तार किया। एसीपी जीत सिंह ने बताया कि जांच के बाद एफआईआर दर्ज की गई और आरोपित को अदालत में पेश किया गया, जहां से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान मोबाइल बरामद किया जाएगा।

**वर्क सस्पेंड करने का निर्णय लिया**

इसके साथ ही मामले ने नया मोड़ तब लिया जब सोनीपत बार एसोसिएशन देवेंद्र गौतम के समर्थन में खुलकर सामने आ गई। बार एसोसिएशन ने आपात बैठक बुलाकर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए और कहा कि अधिवक्ता देवेंद्र गौतम पर दर्ज किया गया केस झूठा है। बार सदस्यों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने गलत तरीके से प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी की है। विरोध दर्ज करते हुए सोनीपत बार एसोसिएशन ने दो दिन का वर्क सस्पेंड करने का निर्णय लिया है। बार प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रतिनिधिमंडल का अध्ययन दौरा

- हिमाचल की पंचायतों में अपनाए गए नवाचारों की विस्तृत जानकारी लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा



खरखौदा। हिमाचल के लिए रवाना होते थ्री टायर पंचायत प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जिला के सरपंचों व ब्लॉक समिति चेयरमैन और जिला परिषद चेयरमैन का 5 दिवसीय एक्सपोज़र विज़िट 1 से 5 दिसम्बर तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला जिले में आयोजित किया जा रहा है। अध्ययन दौरे में जिप चेयरपर्सन मोनिका दहिया के नेतृत्व में पंचायत समिति चेयरमैन खरखौदा व राई सतेंद्र दहिया और सीमा सहित 40 पुरुष और 25 महिला सरपंच भाग ले रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल धर्मशाला की विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगे और वहाँ लागू उन्नत पंचायत मॉडल, संसाधन प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट निपटान प्रणाली, पर्यटन आधारित ग्रामीण आजीविका और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के उपयोग का प्रत्यक्ष अध्ययन किया जाएगा। स्थानीय अधिकारियों से हिमाचल की पंचायतों में नवाचारों की विस्तृत जानकारी लेंगे। सरपंचों से इंटरैक्टिव सत्रों में प्रशासनिक पारदर्शिता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व तकनीक आधारित पंचायत प्रबंधन की नई विधियाँ सीखेंगे।

### सड़क पर खड़े पेड़ों की कटाई करने की मांग

**गन्नौर।** समाधान शिविर में शिकायत करने के बाद भी समाधान नही होने पर पार्षद ने मुख्यमंत्री से अपने वार्ड में समस्या के समाधान की मांग की है। पार्षद का कहना कि उन्होंने दो बार समाधान शिविर में शिकायत दी लेकिन कोई समाधान नही हो रहा है। जिससे लोग परेशान है। वार्ड 15 की पार्षद शिवानी जैन व गौरव जैन ने बताया कि पुराना मार्केट कमेटी रोड पर साइड में लगे पेड़ की डालिया सड़क पर आने से वाहन चालक परेशान है, वहीं रात को अंधेरा छाया रहता है। सर्दी में उक्त पेड़ों की कटाई करनी चाहिए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़ा। गौरव जैन ने बताया कि इसके अलावा पुराने मार्किट कमेटी के बंद पड़े भवन के पास पेड़ों के कारण मच्छरों की भरमार व असामाजिक तत्व उसका फायदा उठाते खुले में शराब पीते रहते है।

# राष्ट्रीय प्रदूषण रोकथाम दिवस: एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

- रैली निकाल कर छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



सोनीपत। छोटूराम आर्य कालेज के विद्यार्थी रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

छोटू राम आर्य महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय प्रदूषण रोकथाम दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जितेंद्र फोर और एनसीसी कोऑर्डिनेटर सतीश राठी ने किया। रैली कालेजस से शुरू हो आसपास के इलाकों से गुजरी, जहां कैडेट्स ने लोगों को पर्यावरण प्रदूषण रोकने स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। रैली के दौरान छात्रों ने प्रदूषण के बढ़ते खतरों और इसके मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कैडेट्स ने समाज से अपील की कि वे प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करें तथा पेड़ लगाकर, प्लास्टिक का कम उपयोग कर और स्वच्छ परिवेश बनाए रखकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

# छात्राओं ने दिया स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- टीकाराम कन्या महाविद्यालय में नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे पर रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में जागरूकता रैली को रवाना करते हुए प्राचार्या एवं अन्य।

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या गीता ने हरी झंडी दिखाकर की। उन्होंने छात्राओं को प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए पर्यावरण को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी। रैली के दौरान छात्राओं ने आसपास के क्षेत्र में जाकर लोगों को प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने संदेश दिया कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान दे।

इस कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी सीटीओ डॉ. शीतल और इको क्लब की सदस्य डॉ. स्वाति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. हेमलता, डॉ. दिव्याश्री, संगीता और अनीता राठी भी उपस्थित रहीं।

# एफआईआर के विरोध में रोष प्रदर्शन

- सरकार से एफआईआर लौटाने की मांग, कर्मियों में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत




सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

बस अड्डा परिसर में पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला सोनीपत ने प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल और साथियों पर दर्ज एफआईआर के विरोध में रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने एकजुट होकर एफआईआर की प्रतियां जलाईं और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। समिति सदस्यों ने कहा कि 25 नवंबर को जंतर-मंतर, दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया था, जिसकी अनुमति भी प्रशासन से विधिवत ली गई थी। इसके बावजूद प्रदर्शन के बाद दिल्ली पुलिस ने विजेंद्र धारीवाल और अन्य साथियों को थाने बुला देर रात एफआईआर दर्ज कर दी। एनएमओपीएस आईटी सेल प्रभारी और प्रदेश मुख्य सलाहकार डॉ प्रमोद ईष्टकान ने कहा कि कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठाने का पूरा हक है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन निर्धारित समय और स्थान पर शांतिपूर्वक समाप्त किया गया था, इसलिए इस एफआईआर से देशभर के कर्मचारियों में गहरा रोष है। जिला अध्यक्ष एमपी सिंह और जिला महासचिव प्रोफेसर अजय दहिया ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों को दबाने का प्रयास कर रही है।

# राष्ट्रपति भवन का किया शैक्षणिक भ्रमण

- दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन की प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना



गोहाना। राष्ट्रपति भवन का शैक्षणिक भ्रमण करने पहुंचे दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा भारत के गौरव राष्ट्रपति भवन का शैक्षिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक महत्व व वहां की प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन में संग्रहालय परिसर और अशोक हॉल जैसे स्थलों का अवलोकन किया। स्कल के चेयरमैन राजेश कुमार ने इस अनुभव को छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण न केवल सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाते हैं बल्कि विद्यार्थियों में देश की विरासत और प्रशासनिक ढांचे के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। स्कूल की प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें भविष्य के सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन बना खतरे की घंटी: शर्मा

- वन कर्मचारी संघ ने पर्वतीय वनों पर मंडरा रहे संकट को बताया गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



आनंद शर्मा।

सोनीपत में वन कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रेस प्रवक्ता आनंद शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन भविष्य में बड़े विनाश का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार भूमि के गर्भ में मौजूद खनिजों के लालच में पर्वतों को नुकसान पहुंचा रही है। हिमालय, अरावली और अन्य पर्वतीय श्रृंखलाओं पर तेजी से खतरा बढ़ रहा है और वनों का आच्छादन लगातार घट रहा है।

उन्होंने बताया कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 में किए गए बदलावों से पर्वतीय क्षेत्रों में वनों की कटाई और भूमि खुदाई का रास्ता खुल गया है। अरावली की नई परिभाषा को न्यायपालिका द्वारा मंजूरी मिलने से सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन और शहरीकरण का खतरा बढ़ गया है। आनंद शर्मा ने चेतावनी दी कि पर्वतीय विनाश से बादल फटना, बाढ़, नदियों में गाद भरना और किसानों का नुकसान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए गंभीर संकट बन सकता है।

### युवाओं को नशे से बचने की सख्त जरूरत : आजाद

**सोनीपत।** शहीद चंद्रशेखर आजाद के भतीजे सुजीत आजाद ने कहा कि आज देश के नौजवानों को नशे से बचने की जरूरत है, क्योंकि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग ही राष्ट्री की सच्ची देशप्रेम की भावनाओं से भरा हो सकता है। वे मुरथल रोड स्थित रफ्तार होटल पर पहुंचें थे। यहां पहुंचनें पर सुजीत आजाद का भारतीय कम्युनिट पार्टी और दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस वक्त शहीद चंद्रशेखर आजाद अंग्रेजों से देश को आजाद करने के लिये लड़ रहे थे, उनका निजी स्वार्थ नहीं था। उनमें देशप्रेम की भावना कूटकूट कर भरी थी। उसी वजह से उनको देश आजाद कराने के अलावा कुछ नहीं सुझता था। आज भी हर नौजवान में शहीद चंद्रशेखर आजाद जिंदा है।

## कृषि यंत्रों की गठित कमेटी ने खेतों में जाकर की जांच

# सुपर सीडर मशीनों का किया भौतिक सत्यापन

**सत्यापन उपरांत अनुदान की प्रथम किस्त किसानों के खातों में भेजी जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर



गन्नौर। कृषि विभाग के अधिकारी, मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छौक्कर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

कृषि विभाग द्वारा अवशेष प्रबंधन स्कीम 2025-26 के तहत किसानों को अनुदान पर उपलब्ध करवाए गए कृषि यंत्रों, सुपर सीडर सहित जांच विभागीय टीम द्वारा खेतों में जाकर उपायुक्त द्वारा गठित कमेटी की निगरानी में सम्पन्न हुआ। खंड गन्नौर के कृषि अधिकारी डॉ. आनन्द सिंह, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र व जीएसटी विभाग के अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों की टीम ने किसानों के खेतों में जाकर यंत्रों की उपलब्धता व उपयोगिता का निरीक्षण किया। खंड कृषि अधिकारी डॉ. आनन्द सिंह ने बताया कि गन्नौर क्षेत्र में अनुदान पर दी गई 77 सुपर सीडर मशीनों का भौतिक सत्यापन किया। सत्यापन उपरांत अनुदान की प्रथम किस्त किसानों के खातों में भेजी जाएगी और द्वितीय सत्यापन पूर्ण होने पर शेष राशि भी अंतरित कर दी जाएगी। स्कीम का मुख्य उद्देश्य पुराली प्रबंधन को बढ़ावा देना और खेतों में फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाने का है। डॉ. आनन्द सिंह ने इस खरीफ सीजन में खंड गन्नौर के किसानों द्वारा पुराली प्रबंधन को लेकर अपनाए सकारात्मक रवैये की सराहना करते सराहना की।

**किसानों को दिया निमंत्रण**

*सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा भी उपस्थित रहे। मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छौकर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने कहा कि सरकार किसानों के उत्थान को लेकर पूरी तरह समर्पित है और लगातार किसान हितैषी योजनाएं लागू कर रही है। साथ ही उन्होंने अपने पदभार ग्रहण कार्यक्रम का निमंत्रण भी किसानों को दिया।*

### 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में गुरुकुल मटिंडू के गाइड्स ने बनाई खास पहचान

**खरखौदा।** 19 वीं राष्ट्रीय जंबूरी- स्काउट्स व गाइड्स राष्ट्रीय शिविर लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें 28 राज्यों के 36,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नेपाल, बांग्लादेश और सऊदी अरब से आए 250 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को वैश्विक रूप दिया। जंबूरी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया, जबकि समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति से विशेष रहा।

**सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री छतर सिंह निवासी गांव गिवाना तह. गोहाना जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित खरब व उसकी पत्नी ज्योति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



गोहाना। एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## ग्रैप-3 की पाबंदी के बाद चल रही फैक्ट्री, लोगों ने की कार्रवाई की मांग

**गोहाना।** ग्रेप 3 की पाबंदी के बीच गांव कथूरा और भंडेरी के बीच फैक्ट्री चल रही है। यहां पर पुराने टायरों को जलाकर तेल निकाला जाता है, जिससे प्रदूषण फैल रहा है। इसके विरोध में ग्रामीण एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय से मिले और शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि टायर जलाने के दौरान निकलने वाली कार्बन डाइआक्साइड, कार्बन मोनोआक्साइड, सल्फर डाइआक्साइड, सल्फर मोनोआक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर जैसी खतरनाक गैसें वातावरण में घुल जाती हैं। जब टायर जलाए जाते हैं तो आसपास के गांवों में धुआं फैल जाता है। इससे गांव कथूरा, भंडेरी, कहैल्पा, मदीना, छिछड़ाना, खेड़ी और महम-गोहाना मार्ग से गुजरने वाले लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। सांस संबंधी बीमारियां, हृदय रोग और कैंसर जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कई लोग सिरदर्द, आंखों में जलन और सांस लेने में कठिनाई की शिकायत भी करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार ने ग्रेप 3 लागू कर रखा है, जिसमें निर्माण कार्य, धूल और प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियों पर पाबंदी है। इसके बावजूद यह फैक्ट्री को चलाया जा रहा है। किसान नेता अक्षय नरवाल ने कहा कि फैक्ट्री के संचालन को लेकर आसपास की किसी भी ग्राम पंचायत या ग्रामीणों की सहमति नहीं है। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि प्रशासन द्वारा जांच कर उचित कदम उठाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एडवोकेट मीना नरवाल, एडवोकेट सुनील नरवाल, राजेश नरवाल, रोहताश नरवाल, पहलवान राकेश भंडेरी, प्रदीप नरवाल व सुनील नरवाल मौजूद रहे।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री और कार्यकारी अधिकारी डॉ. ममता सचदेवा के साथ खिलाड़ी सुनीता चाहर।

## साउथ पॉइंट कॉलेज की सुनीता ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट कॉलेज की बीपीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुनीता चाहर का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, जींद में 29 नवंबर को हुए ट्रायल में महिलाओं की ओपन कैटेगरी में सुनीता ने 50, 100 और 200 मीटर फ्रीस्टाइल इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह पक्की की। साउथ पॉइंट कॉलेज प्रबंधन ने सुनीता को जीत की बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि सुनीता पढ़ाई के साथ-साथ स्विमिंग में भी शानदार प्रदर्शन करती रही है। वह अब चेन्नई स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की स्विमिंग स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि सुनीता ने कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है। ट्रायल में उसका प्रदर्शन शानदार रहा। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि महिला खिलाड़ियों की बढ़ती उपलब्धियां प्रेरणा देती हैं। सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी अधिकारी डॉ. ममता सचदेवा ने बताया कि सुनीता हमेशा से ही खेल के प्रति अनुशासित व समर्पित रही है।



सोनीपत। एस 7 में नृत्य करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## विद्यालय में छात्रों को दिया नृत्य का प्रशिक्षण

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) में छात्रों के लिए दैनिक डांस प्रशिक्षण सत्र आरंभ किया गया है। इस का उद्देश्य विद्यार्थियों की कला, आत्मविश्वास और शारीरिक लय-समन्वय को विकसित करना है। प्रत्येक दिन निर्धारित समय पर बच्चों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा विभिन्न डांस स्टेप्स, रिद्म, एक्सप्रेशन तथा बॉडी मूवमेंट्स की नियमित प्रशिक्ष प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। आज के सत्र में बच्चों में उत्साह देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने संगीत की ताल पर सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए डांस में रुचि दिखाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

विद्यार्थियों में उद्यमिता जगाने की पहल, सोनीपत में केबीसी योजना ने बढ़ाया स्वरोजगार का उत्साह

*जिलास्तर पर चमकीं युवा टीमें, अब होगा जोनल और राज्यस्तर का मुकाबला*

# कौशल बिजनेस चैलेंज में 10 टीमें चयनित, निजी कंपनियां देंगी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा के साथ-साथ छात्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई कौशल बिजनेस चैलेंज योजना ने जिलास्तर पर एक नया मुकाम हासिल किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत, जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों की 10 उत्कृष्ट टीमों का चयन किया गया है, जिन्हें अब अपने अभिनव विचारों को मूर्त रूप देने के लिए विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। केबीसी योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार स्थापित करने की दिशा में प्रेरित करना और उन्हें रचनात्मक व्यावसायिक आइडिया प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में केवल नौकरियों पर निर्भर न रहें। शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को जागृत करने के लिए अक्टूबर माह में इस योजना का पंजीकरण चरण शुरू किया था। विभाग के प्रयासों से इस पहल में 250 शिक्षकों और 929 विद्यार्थियों का पोर्टल पर उत्साहजनक पंजीकरण हुआ। इन विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के नेतृत्व में नवंबर माह में आयोजित जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया और स्वरोजगार से जुड़े नवीन सुझाव प्रस्तुत किए। जिलास्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली इन 10 चयनित टीमों को अब जोनल और राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य केंद्रबिंदु उनके रोजगार सुझावों पर गहन बातचीत करना, विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का कौशल विकसित करना और अपनी बात को आत्मविश्वास के साथ रखने का अभ्यास कराना होगा।




सोनीपत। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का फाइल फोटो।

### शिक्षा विभाग की नवाचार पहल, विद्यार्थियों को मिलेगी उद्योग विशेषज्ञों से बिजनेस ट्रेनिंग

### प्रशिक्षण और आगे का सफर

प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, ये 10 टीमें जोनल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाएंगी। जोनल स्तर पर उनके आइडिया की गुणवत्ता और प्रस्तुति के आधार पर, सर्वश्रेष्ठ 05 टीमों का चयन किया जाएगा। इन पाँच टीमों को प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का सुनहरा अवसर मिलेगा। राज्यस्तर पर बेहतरीन व्यावसायिक सुझाव देने वाली टीमों को शिक्षा विभाग द्वारा 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा, जो उनकी रचनात्मकता और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने का एक बड़ा माध्यम बनेगा।

### चयनित 10 टीमों को निम्नलिखित शिक्षकों के मार्गदर्शन में निजी कंपनियों से प्रशिक्षण मिलेगा

- सोनीपत के पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय की टीमः अंकिता के नेतृत्व में।
- गोहाना के आंवली स्थित राजकीय विद्यालय की टीमः अनुराधा जोशी के नेतृत्व में।
- गोहाना के गढ़ी उजाले खां स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय की टीमः रजत मलिक के नेतृत्व में।
- गन्नौर के खुबड़ू स्थित राजकीय विद्यालय की टीमः नितिन राजमित्रा के नेतृत्व में।
- गन्नौर के बेगा स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय और कथूरा के बनवासा स्थित राजकीय विद्यालय की संयुक्त टीमः संदीप जांगड़ा के नेतृत्व में।
- कथूरा स्थित राजकीय कन्या विद्यालय और मुंडलाना के चिड़ाना स्थित राजकीय विद्यालय की संयुक्त टीमः साहिल के नेतृत्व में।
- राई के जाखौली स्थित राजकीय कन्या विद्यालय और कुंडली स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय की संयुक्त टीमः डॉ. अनूप कौशिक के नेतृत्व में।

### इन विषयों पर मिलेगा विशेष कौशल प्रशिक्षण

जिला सहायक परियोजना संयोजक अमित भनवाला ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चयनित टीमें विभिन्न निजी कंपनियों से विविध और समसामयिक विषयों पर केंद्रित प्रशिक्षण लेंगी। प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों में शामिल हैं:

- पैरेन स्किन एलएलपी
- आध्यात्मिक सर्पिल
- सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- विनिर्माण प्रक्रिया
- व्यवसाय परामर्श
- परियोजना प्रबंधन
- पिज्जा गैलरी जैसे खाद्य व्यवसाय मॉडल
- शिक्षा संबंधी नवाचार
- स्वास्थ्य सेवाएं

### शिक्षा के साथ नवाचार को बढ़ावा देना उद्देश्य

शिक्षा विभाग का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को कौशल शिक्षा देने के साथ नवाचार को बढ़ावा देना है। कौशल बिजनेस चैलेंज योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि वह अन्य युवाओं को भी रोजगार मुहैया करवा सकें। जोनल स्तर पर श्रेष्ठ सुझाव देने वाली टीम को राज्यस्तर पर मौका मिलेगा। इसके लिए विभिन्न कंपनी विद्यार्थियों को संबंधी प्रशिक्षण देंगी।

-सुजाता खत्री, जिला परियोजना संयोजक, सोनीपत

## यूपीएसई और आईआईटी के लिए करेंगे मार्गदर्शन

**गोहाना।** क्षेत्र के गांव बुटाना स्थित जनता शिक्षण संस्था में आईएएस, आईपीएस, आईआरएस विद्यार्थियों का यूपीएससी व आईआईटी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करेंगे। इसके साथ में विद्यार्थियों को सेना में जाने के लिए भी उपयोगी जानकारी दी जाएगी। समाजसेवी डा.अजमेर सांगवान ने बताया कि 21 दिसंबर को कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सुखदीप सांगवान, आइपीएस उत्तम पहल, गुरुग्राम के एसीपी प्रीतपाल सांगवान, आइएएस नितिन सांगवान, आइआरएस किास सांगवान, महिपाल सांगवान और सचिन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

## 16 जनवरी तक जिले में लागू रहेंगे धारा-163 के आदेश

- एमडीयू रोहतक की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के चलते उपायुक्त ने लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

16 जनवरी तक आयोजित होने वाली महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, नकल-रहित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न करवाने हेतु जिलाधीश सुशील सारवान ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए है। उन्होंने बताया कि एमडीयू की परीक्षाएं 16 जनवरी तक दो सत्रों में आयोजित होंगी, जिसमें पहला सत्र प्रातः 09 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा दूसरा सत्र बाद दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक रहेगा। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि परीक्षाओं के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों की परिधि में 200 मीटर में हथियार एवं मोबाइल फोन लेकर पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने व गैर वांछित व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पांबधी रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में परीक्षा के दौरान जीरोक्स, फोटोकॉपी तथा फैक्स की दुकानों को संचालित करने पर भी पूर्ण रूप से पाबंधी रहेगी।

## वार्ड-6 में बनाई जाएंगी दो गलियां चेयरमैन ने किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने वार्ड नंबर 6 स्थित प्रणामी मंदिर के पास लगभग 9 से 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो गलियों के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पार्षद अंकित त्यागी, पार्षद सचिन, पार्षद नरेश, हरविंदर त्यागी ने चेयरमैन का स्वागत करते हुए क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार जताया। शिलान्यास उपरांत चेयरमैन अरुण त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि नगरपालिका का लक्ष्य है कि प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्य तेजी से पूरे हों, ताकि लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। चेयरमैन ने मौके पर उपस्थित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि वार्डवासियों को इस सुविधा का लाभ शीघ्र मिल सके। पार्षदों ने भी चेयरमैन का आभार जताते हुए कहा कि वे मिलकर गन्नौर को आदर्श शहर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर नरेश, दीपक, परवीन, बंशी, रूपेश आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



गन्नौर। नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी गलियों का शिलान्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक।

## 215 के नेत्र जांचें, 20 का होगा ऑपरेशन

**सोनीपत।** दी महाराजा अग्रसेन समिति द्वारा 40वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर अग्रवाल धर्मशाला, गुड़ मंडी सोनीपत में आयोजित किया गया। शिविर में दिल्ली के वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर से पहुंची विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की विस्तृत जांच की। शिविर में कुल 215 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 20 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। सभी मरीजों को आज ही दिल्ली ऑपरेशन हेतु भेजा गया, जबकि अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों को वहीं पर निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। जरूरतमंदों को मुफ्त चश्मे अर्णव ऑप्टिशियन द्वारा उपलब्ध करवाए गए। साथ ही वर्मा लैब की टीम ने मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की। समिति के प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया कि हर महीने के पहले मंगलवार को यह नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाता है, जिससे गरीब, वृद्ध और जरूरतमंद लोगों को बिना खर्च बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान रक्तदान शिविर में 12 रक्तदाताओं ने रक्तदान भी किया।

राई के पास दर्दनाक सड़क हादसे का मामला, पिता ने चालक पर लगाए आरोप

## 18 दिनों बाद सच सामने, केस दर्ज

- पहले बताया था गाय आने की वजह से हुआ हादसा, अब पता चला कि लापरवाही से चलाई जा रही थी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव राई के पास 14 नवंबर को हुए दर्दनाक सड़क हादसे की तस्वीर अब बदल गई है। घटना के 18 दिन बाद सामने आए नए आरोपों ने उस बयान पर सवाल खड़े कर दिए हैं जिसमें दो युवकों की मौत की वजह अचानक सामने आई गाय को बताया गया था। अब मृतक युवक चंदन सिंह के पिता के बयान पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। चरखी दादरी के गांव बौंद कलां के मूल निवासी और इस समय पंजाब के बठिंडा में रह रहे सेना से सेवानिवृत्त जितेंद्र ने शिकायत दी है कि उनका इकलौता बेटा चंदन सिंह एमबीए करने के बाद बीकानेर विश्वविद्यालय में एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। 12 नवंबर को वह दिल्ली की केडी अकादमी में प्राध्यापक पद के लिए साक्षात्कार देकर लौटा था। अगले दिन उसके मित्र प्रभजोत का जन्मदिन था, जिस पर सभी दोस्त प्रभजोत, चंदन, अमनदीप, समनदीप, अभिषेक और आकाश कार से मुरथल की ओर निकले थे। 14 नवंबर को सुबह राई के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### दोस्त को बचाने के लिए दी गलत जानकारी

*हादसा इतना भीषण था कि प्रभजोत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चंदन को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उसने 15 नवंबर को दम तोड़ दिया। जितेंद्र का कहना है कि उस समय परिवार को बताया गया था कि कार के आगे अचानक गाय आ गई थी, जिससे दुर्घटना हुई। इसी वजह से उन्होंने उस समय पुलिस में शिकायत नहीं दी। लेकिन बाद में उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चला और अब उनका आरोप है कि हादसा चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही का परिणाम था। पुलिस ने नए तथ्यों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमनदीप ने कार चला रहे अपने दोस्त समनदीप को बचाने के लिए यह गलत जानकारी दी थी। वास्तविकता यह है कि हादसा तेज रफ्तार व लापरवाही के चलते हुआ था। घटना की सच्चाई सामने आने के बाद पिता जितेंद्र ने पुलिस को नया बयान दिया, जिस पर पुलिस अब मामले की आगे जांच कर रही है।*

## जीवीएम में कमलेश चोपड़ा और सुनीता धवन हुई सेवानिवृत्ति

**सोनीपत।** जीवीएम महाविद्यालय की दो वरिष्ठ संकाय सदस्य कमलेश चोपड़ा और सुनीता धवन, 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके विदाई में संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कमलेश चोपड़ा ने दिसंबर 1998 में अंग्रेज़ी विभाग में व्याख्याता के रूप में संस्थान जॉइन किया था। उन्होंने 37 वर्षों तक सेवाएं देते हुए संस्थान को शैक्षणिक रूप से समृद्ध किया और एसोसिएट प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुईं। वहीं, सुनीता धवन ने नवंबर 1998 में रसायन विज्ञान विभाग में व्याख्याता के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने 27 वर्षों तक अपनी सेवाएं प्रदान कीं और एसोसिएट प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुईं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह सहित पूरे जीवीएम परिवार ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कार्यक्रम** आयुर्वेद स्नातकोत्तर में नव आगंतुक छात्राओं के स्वागत के लिए अभिमुखी शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम

# नवीन प्रयोगों से आयुर्वेद की पहचान मजबूत बनाएं : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान में मंगलवार से आयुर्वेद स्नातकोत्तर में प्रथम वर्ष की नव आगंतुक छात्राओं के स्वागत के लिए 15 दिवसीय अभिमुखी शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम का आगाज हो गया। कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने की जबकि संयोजन डॉ नरेश भार्गव का रहा।



गोहाना। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुरू करते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव। फोटो : हरिभूमि

### आयुर्वेद जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति

विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय आपको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट शोध वातावरण और हर संभव अकादमिक सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। छात्राएं अपनी परंपरा का सम्मान करते हुए आधुनिक अनुसंधान से जुड़ें, नवीन प्रयोगों से आयुर्वेद की वैश्विक पहचान को और मजबूत करें और अनुशासन, परिश्रम व ईमानदारी को अपने व्यक्तित्व का आधार बनाएं। कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। मुख्य वक्ता भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज की मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सोनिका लांबा ने कहा कि आयुर्वेद की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। इसकी प्रासंगिकता आज और भी अधिक बढ़ गई है। दुनिया प्राकृतिक चिकित्सा, समग्र स्वास्थ्य और जीवन शैली आधारित उपचार की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में आयुर्वेद के योग्य शोधार्थियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

### एड्स के प्रति किया जागरूक

आयुर्वेद संस्थान की छात्राओं ने विश्व एड्स दिवस पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। नाटक की प्रस्तुति से छात्राओं ने एड्स जागरूकता संदेश दिया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. एसपी गौतम, डॉ. विजय कौशिक, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. वीणा शर्मा, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. दीपमाला, डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता व डॉ. शोभा बेंजवाल भी मौजूद रहे।